GOVERNMENT (AUTONOMOUS) GIRLS POST GRADUATE
COLLEGE OF EXCELLENCE, SAGAR (M.P.)
(NAAC 'A' Grade Accredited)
07582 404480 heggpgcsag@mp.gov.in www.ggpgcs.com

# भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन

सागर 12 फरवरी 2022, शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन सम्पन्न हुआ। पूर्व विधायक सुरखी श्रीमती पारूल साहू के मुख्य अतिथ्य में सम्पन्न इस महोत्सव में अतिथि के रूप में श्रीमती डॉ. सुमन जैन सेवानिवृत्त प्राध्यापक अर्थशास्त्र तथा श्रीमती डॉ. रेखा बख्शी सेवानिवृत्त प्राध्यापक मनोविज्ञान डॉ. मनोरमा गौर पूर्व महापौर सागर, डॉ. विजयलक्ष्मी दुबे विशेष रूप से मंचासीन थी। ये सभी अतिथि इसी कन्या महाविद्यालय की पूर्व छात्रा रही है। कार्यक्रम का श्री गणेश माँ सरस्वती के पूजन अर्चन एवं वंदन से हुआ। समारोह की अध्यक्षता कर रही एक्सीलेंस गर्ल्स की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने इस विशिष्ट कार्यक्रम में उपस्थित सभी पूर्व छात्राओं से एसोसियशन के लिए सहयोग की अपेक्षा की एवं अतिथियों की उपस्थिति पर आभार प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शक्ति जैन ने अपने स्वागत उद्बोधन में मंचासीन सभी अतिथियों जो की पूर्व छात्रा रही है उनके व्यतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला एवं आप सबके इस महाविद्यालय को दिये गए योगदान से सभागार को अवगत कराया एवं महाविद्यालय की विकास यात्रा को दर्शाया। संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से महोत्सव का श्री गणेश हुआ।

अतिथि श्रीमती पारूल साहू (पूर्व विधायक) ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमें इस कॉलेज में शिक्षित होने का मौका मिला यह मेरे लिए गर्व की बात है। यहाँ बेटियों को पढ़ने के लिए भरपूर प्रोत्साहन प्राप्त होता है। पर्यावरण सुरक्षा के लिए आपने सभी से एक–एक पेड़ लगाने का आग्रह किया तथा अपनी तरफ से महाविद्यालय को कुछ पौधे दान करने का आश्वासन दिया। अतिथि श्रीमती सुमन जैन पूर्व प्राध्यापक ने कहा कि आप सभी स्वयं दीपक बनकर समाज में प्रकाशरूपी ज्ञान को बिखेरे। मोबाइल का आवश्यकता अनुसार ही प्रयोग करें।

अतिथि श्रीमती डॉ. रेखा बख्शी पूर्व प्राध्यापक ने कहा कि नई शिक्षा नीति में पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स पर बहुत जोर दिया जा रहा है। आज फिजिकल और मेंटल प्रिपरेशन दृढ़ रखने की नितांत आवश्यकता है। पूर्व महापौर डॉ. मनोरमा गौर ने छात्राओं को स्वावलंबी एवं स्वरोजगारोन्मुखी होने पर बल दिया। आपने सांस्कृतिक धरोहर तथा स्वरोजगारोन्मुखी शिक्षा पर बल दिया। श्रीमती बसुधा वैध ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्राओं को आत्मिक प्रोत्साहन बनाए रखना है, आगे बढ़ते रहना है एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सतत् क्रियाशील रहना है। डॉ. विजयलक्ष्मी दुबे ने कहा कि इस कन्या महाविद्यालय ने

अनेक प्रतिभाओं को सफलता के उच्चतम शिखर पर पहुँचाया है। सभी विषयों में रिसर्च की आवश्यकता पर जोर दिया।

अध्यक्षीय उद्बोधन में बोलते हुये कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने कहा कि आज हम इस महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं का अभिनंदन करते हुये गौरव सहसूस कर रहे है, क्योंकि यहाँ शिक्षित ये सभी प्रतिभाएँ अलग–अलग क्षेत्रों में उच्चतम सोपान पर पहुँचकर इस कॉलेज का नाम रोशन कर रही है। आज हमारी वर्तमान छात्राओं ने पूर्व छात्राओं से रूबरू होकर उनकी योग्यता का लाभ लिया है। निश्चित ही पूर्व छात्राओं के व्यक्तित्व से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला हैं।

पूर्व छात्रा के इस सम्मेलन में उपस्थित मंचासीन अतिथियों एवं उपस्थित अन्य पूर्व छात्राओं का सम्मान स्मृति चिन्ह भेंट किया। पूर्व छात्रा सुश्री उषा वर्मन ने अपनी पुस्तक ''यादों के झरोखो से'' का विमोचन मंचासीन अतिथियों से कराया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ. अर्पणा चाचोंदिया द्वारा निर्देशित समूह नृत्य का प्रर्दशन नृत्य विभाग की छात्राओं द्वारा किया गया।

समारोह का मंच संचालन डॉ. दीपा खटीक द्वारा तथा आभार व्यक्त डॉ. रश्मि मलैया एवं डॉ. भावना रमैया द्वारा किया गया। इस समारोह में महाविद्यालय की पूर्व छात्रायें एवं वर्तमान अध्ययनरत् छात्रायें बड़ी संख्या में उपस्थित थी। कन्या महाविद्यालय का समस्त शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक समस्त स्टॉफ का सक्रिय सहयोग रहा।

PRINCIPAL
Govt. P.G. Girls College
SAGAR (M.P.)

# ALUMNI MEET

# DATE : 12.02.2022

## कन्या महाविद्यालय की पूर्व छात्राओं का सम्मेलन आयोजित

नवभारत न्यूज

सागर 12 फरवरी. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता कॉलेज में भूतपूर्व छात्रा सम्मेलन सम्पन्न हुआ.

समारोह की अध्यक्षता कर रही एक्सीलेंस गर्ल्स की प्राचार्य डॉ. इला तिवारी ने सभी पूर्व छात्राओं से एसोसिएशन के लिए सहयोग की अपेक्षा की. संयोजक डॉ. शक्ति जैन ने स्वागत भाषण दिया. संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से महोत्सव का श्री गणेश हुआ. पूर्व विधायक पारुल साहू ने कहा कि यहाँ बेटियों को पढ़ने के लिए भरपूर प्रोत्साहन प्राप्त



होता है. पर्यावरण सुरक्षा के लिए आपने सभी से एक-एक पेड़ लगाने का आग्रह किया तथा अपनी तरफ से महाविद्यालय को कुछ पौधे दान करने का आश्वासन दिया. डॉ सुमन जैन ने कहा कि आप सभी स्वयं दीपक बनकर समाज में प्रकाशरूपी ज्ञान को बिखेरें मोबाइल का आवश्यकता अनुसार ही प्रयोग करें.

डॉ रेखा बख्शी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स पर बहुत जोर दिया जा रहा है. पूर्व महापौर मनोरमा गौर ने छात्राओं को स्वावलंबी, स्व-रोजगारोन्मुखी होने पर बल दिया. वसुधा जैन ने कहा कि छात्राओं को आर्थिक प्रोत्साहन बनाए रखना है, आगे बढ़ते रहना है एवं प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सतत् क्रियाशील रहना है. डॉ. विजयलक्ष्मी दुबे ने कहा कि सभी विषयों में रिसर्च की आवश्यकता पर जोर दिया. पूर्व छात्रा उषा बर्मन ने अपनी पुस्तक यादों के झरोखे से का विमोचन मंचासीन अतिथियों से कराया.

डॉ. अर्पणा चाचोंदिया द्वारा निर्देशित समूह नृत्य का प्रदर्शन नृत्य विभाग की छात्राओं द्वारा किया गया. संचालन डॉ. दीपा खटीक द्वारा तथा आभार व्यक्त डॉ. रश्मि मसीहा, डॉ. भावना रमैया द्वारा किया गया.





पूर्व छात्रा सम्मेलन - 2022




शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता
महाविद्यालय, सागर (म.प्र.)
पूर्व छात्रा सम्मेलन - 2022
दिनांक - 12 फरवरी 2022
प्राचार्य
अध्यक्ष

बैठक — दिनांक 5/2/21

दिनांक 5 फरवरी 2021 को स्टूडेन्ट ट्रेकिंग के अंतर्गत आयोजित पूर्व छात्रा मिलन कार्यक्रम की संकल्पना को मूर्त रूप देने हेतु आवश्यक चर्चा हेतु सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

आयोजन समिति सदस्य

(1) डॉ॰ सुनीता सिंह प्राध्यापक जूलॉजी
(2) डॉ॰ प्रतिमा खरे — " — बॉटनी
(3) डॉ॰ एस॰ के गुप्ता — " — मनोविज्ञान
~~(4) डॉ॰ संजय खरे — " — समाजशा॰~~
(5) डॉ॰ भावना यादव — " — राजनीति॰

पदाधिकारी —

(1) मार्गदर्शक - डॉ॰ रेखा बख्शी मनोविज्ञान
(2) अध्यक्ष — डॉ॰ पद्मा आचार्य गृह॰
(3) सचिव - डॉ॰ शर्मिला जैन अर्थशास्त्र
(4) सहसचिव — डॉ॰ दीपा खटीक फिजिक्स

कार्यकारिणी समिति सदस्य

(1) डॉ॰ सुप्रिया यादव अतिथि विद्वान कॉमर्स
(2) डॉ॰ सपना रजोरिया — " — बॉटनी
(3) डॉ॰ अमिता विश्वकर्मा — " — बॉटनी

(4) डा० दीपिका तिवारी अतिथि विज्ञान केमिस्ट्री

(5) डा० मोनिका सोनी ———

(6) डा० शिखा कोठरी ——— जूलाजी

(7) डॉ० निधि नवाड्या ——— अंग्रेजी

एजेण्डा

(1) एल्यूमिनी एसोसिएशन क्लब के सदस्यों का well-come

(2) दिनांक 6 फरवरी 2021 को पूर्व छात्रा मिलन कार्यक्रम पर चर्चा

(3) कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यों का वितरण

अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा

कार्यवाही विवरण

(1) क्लब के सभी सदस्यों का प्रफुल्लता एवं उत्साह से स्वागत किया गया।

(2) पूर्व छात्रा मिलन कार्यक्रम में अंताक्षरी, क्विज संगीत जैसी गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया एवं छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए गिफ्ट देने के प्रस्ताव को स्वीकार किया गया।

(3) कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों के लिए कार्यों का वितरण निम्नानुसार किया गया—

कार्यक्रम का संचालन - डॉ. पद्मा आचार्य

(1) अंताक्षरी — डॉ. रेखा बख्शी
डॉ. भावना यादव
डॉ. दीपिका तिवारी

(2) क्विज — डॉ. सुनीता सिंह
डॉ. शाक्ति जैन
डॉ. अपना राजोरिया

(3) संगीत (सोलो गीत) —

संचालन — डॉ. प्रतिभा खरे
धन्यवाद — डॉ. दीपा खटीक

(4) पूर्व छात्राओं का वर्तमान छात्राओं द्वारा स्वागत करवाना
डॉ. निधि बगाड़िया -
डॉ. मोनिका सोनी -

(5) स्वल्पाहार की व्यवस्था में सहयोग
डॉ. शिखा कोष्ठी
डॉ. सुप्रिया यादव
डॉ. अमिता विश्वकर्मा

(6) कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का सुपरविजन

डॉ. एस. के गुप्ता
डॉ. संजय खरे

(7) पूर्व छात्राओं के signature करवाना एवं फार्म भरवाना

डॉ. निधि बगाड़िया

MY NOTE BOOK

PAGE NO.:
DATE:

डॉ॰ सुप्रिया यादव [signature]

डॉ॰ सपनाराजौरिया [signature]

डॉ॰ सुनीता सिंह, डॉ॰ दीपा खटीक के निर्देशन में सर्व छात्राओं के हस्ताक्षर एवं फार्म भरवाने का कार्य सम्पन्न होगा।

डा॰ श्रीमती शान्ति जैन – [signature]

डॉ॰ प्रतिमा खरे [signature]

डॉ सुनीता सिंह [signature]

डॉ॰ रेखा बख्शी – [signature] 04/02/21

डॉ॰ दीपा खटीक – [signature] 04/02/21

शिखा कोष्टी – [signature]

श्रीमति सपना राजौरिया – [signature]

अमिता विश्वकर्मा – [signature]

## बैठक

दिनांक 5/3/21

महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्षों की विभागीय एल्यूमिनॉय छात्राओं के मिलन कार्यक्रम से संबंधित आवश्यक बैठक दिनांक 5 मार्च 2021 को दोपहर 2:00 बजे "ओल्ड हॉल" में आयोजित की गई जिसमें सदस्यों की उपस्थिति निम्नानुसार रही :-

(1) बॉटनी - डॉ. इला तिवारी
(2) मनोविज्ञान - डॉ. रेखा बख्शी [signature] 05/03/21
(3) क्रीडा विभाग - डॉ. मानिक हर्डीकर [signature] 5/3/21
(4) गृहविज्ञान विभाग - डॉ. श्रीमती शर्मिला [signature]
(5) संस्कृत विभाग - डॉ. शक्ति जैन [signature] 5/3/21
(6) अंग्रेजी - डॉ. निशा इन्दु गुरु [signature] 5/3/21
(7) Physics - Dr. Deepa Khatik [signature] 05/03/21
(8) संगीत - Dr. [illegible] [signature] 05-03-21
(9) रसायन शा० - Dr. A. H. Ansari [signature] 5/3/21
(10) प्राणी शास्त्र डॉ सुनीता सिंह [signature]
(11) हिन्दी डॉ. नरेन्द्र सिंह [signature]
(12) गणित डॉ. अरविन्द कोहरे [signature]
(13) राजनीति विज्ञान डॉ. सुनीता त्रिपाठी [signature] 5/3/21
(14) डॉ. नवीन गिडियन
(15) डॉ. संजय खरे
(16) डॉ. अपर्णा चार्चौंदिया

बैठक में निम्न बिन्दुओं पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए -

[1] सभी विभागाध्यक्ष अपने विभाग की पूर्व छात्राओं को आमंत्रित कर उनकी बैठक आयोजित करें।